राज्यपाल ने की सिकल सेल टेस्टिंग मोबाइल वैन लोकार्पित

चर्चा में क्यों?

2 अक्तूबर, 2023 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गांधी जयंती के अवसर पर सिकल सेल टेस्टिंग मोबाइल वैन राजभवन में लोकार्पित की।

प्रमुख बिंदु

- मोबाइल टेस्टिंग वैन रेडक्रॉस की राज्य इकाई द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल को प्रदान की गई है।
- राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल नियंत्रण प्रयासों के लिये जनजातीय समुदाय के घर पर विज्ञान को पहुँचाने की दिशा में मोबाइल टेस्टिंग वैन प्रभावी पहल है।
- उन्होंने कहा कि मोबाइल यूनिट का संचालन सिकल सेल पीड़ितों के उपचार और वाहक के पुनर्वास प्रयासों को दूरस्थ अंचल में और अधिक प्रभावी बनाएगा।
- मोबाइल टेस्टिंग वैन में सिकल सेल रोग उपचार और पुनर्वास के लिये आवश्यक सभी जाँचों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वैन का संचालन जनजातीय बहुल इलाकों में किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि विगत दिनों एम्स में सिकल सेल वार्ड के उद्घाटन समारोह में भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रबंधकों द्वारा सिकल सेल रोग उपचार और पुनर्वास के लिये वाहन की आवश्यकता का उल्लेख किया गया था।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/governor-inaugurates-sickle-cell-testing-mobile-van